महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, उत्तराखण्ड

निकट नन्दा की चौकी, सुद्धौवाला, प्रेमनगर, देहरादून

ईमेलः uwcds2008@gmail.com वेबसाइटः www.wecd.uk.gov.in

दूरभाष/फैक्स : 0135–2775992,2775713,2775814,2775816

उत्तराखण्ड शासन

पत्रांकः531/127 /UWCDS/2015–16 दिनांकः08 जनवरी 2016

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड महिला एवं बाल विकास समिति के सौजन्य से **''राष्ट्रीय बालिका दिवस''** के सुअवसर दिनांक 24 जनवरी 2016 को **'उत्तराखण्ड की बेटियां'** नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर विभाग द्वारा विशिष्ट उपलब्धियां एवं योग्यता रखने वाली मेधावी, बुद्धिजीवी एवं साहसी बालिकाओं/किशोरियों/युवतियों, जिन्होनें विभिन्न क्षेत्रों जैसे–शिक्षा, कला, संस्कृति, साहस एवं खेल आदि के अन्तर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं कार्य किये हो, को उत्तराखण्ड की प्रेरणास्त्रोत के रूप में संकलित कर एक पुस्तक (Coffee Table Book) तैयार की जानी प्रस्तावित है। निम्नलिखित चयन मापदण्डों के अनुसार अर्हता पूर्ण करने वाले आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

चयन हेतु मापदण्ड

1. आवेदक बालिका/किशोरी/युवती उत्तराखण्ड की मूल निवासी होनी चाहिए।
2. आवेदक बालिका/किशोरी/युवती की आयु सीमा 10–25 वर्ष तक की होनी चाहिए।
3. आवेदक बालिका/किशोरी/युवती का सम्बन्धित क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों का सुस्पष्ट अभिलेखीकरण साक्ष्यों सहित उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
4. विशिष्ट एवं विलक्षण बालिका/किशोरी/युवती की उपलब्धियों का समाचार पत्रों में प्रकाशन अथवा विशेषज्ञों द्वारा प्रविष्टि अंकित की गयी हों, का भी उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।
5. विभिन्न जनपदों से प्राप्त समस्त आवेदनों पर राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा अन्तिम निर्णय लिया जायेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालयों (बाल विकास) में नामांकन जमा कराने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2016 है। नामांकन का प्रारूप निम्नवत् है–

बालिका/ किशोरी/ युवती का फोटो

1. नामः...
2. जन्म तिथि (सत्यापित):...
3. जन्म स्थानः...
4. स्थायी पता/वर्तमान पता/दूरभाष नं0:...
5. पारिवारिक पृष्ठ भूमि (3–5 लाईन):...
6. शैक्षिक योग्यता(2 लाईन– प्रमाण पत्र संलग्न):...
7. उपलब्धि का क्षेत्र–...
8. सामना/चुनौतियों का विवरण (8–10 लाईन):...
9. बालिका/किशोरी/युवती की उपलब्धियां किस प्रकार विशिष्ट/उत्कृष्ट है(10–12 लाईन)–....
10. बालिका/किशोरी/युवती के जीवन का संक्षिप्त परिचय(बायो डाटा)/प्रेस विज्ञप्ति एवं प्रमाण–पत्र सहित संलग्न करें–(I,II,III)...
11. भविष्य हेतु लक्ष्य (2–5 लाईन):...

नोट–1. आवेदक उपरोक्त उल्लेखित प्रारूप के अनुसार नवीनतम् 02 फोटो, जिसमें 01 नवीनतम् पासपोर्ट साईज एवं 02 विशिष्ट कार्य को प्रदर्शित करते हुए प्रेषित की जानी आवश्यक है।

2. आवेदकों के चयन करने सम्बन्धी समस्त अधिकार 'राज्य स्तरीय चयन समिति' के पास निहित होगें।

निदेशक/उपाध्यक्ष

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग,

उत्तराखण्ड